




# तीन दिन तक आतंक मचाने के बाद पिंजरे में आया बंदर

## वन विभाग ने किया रेस्क्यू, रहवासियों ने ली राहत की सांस

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अक्टूबर. शहर के प्रियदर्शिनी नगर उतैली क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से आतंक का पर्याय बने रहे लाल मुंह के बंदर को आखिरकार बुधवार को पकड़ लिया गया. वन विभाग की टीम द्वारा रखे गए पिंजरे में कैद होते ही उसे रेस्क्यू कर जंगल की ओर ले जाया गया. इस घटना की जानकारी मिलते ही डरे-सहमे रहवासियों ने राहत की सांस ली.**

शहर के प्रियदर्शिनी नगर उतैली क्षेत्र के रहवासी दीपावली की सुबह अपने-अपने घरों की साफ-सफाई से लेकर त्योहार की तैयारियों में जुटे हुए थे. इसी दौरान एक लाल मुंह वाला बंदर वहां पहुंच गया. बंदर पहले तो कुछ देर तक शांत बैठा रहा. लेकिन फिर उसने उत्पात मचाना शुरु कर दिया. इसी दौरान हालात तक गड़बड़ होने लगे जब बंदर ने लोगों को काटना शुरु कर दिया. बंदर ने सबसे पहले घर के बाहर खेल रही एक बच्ची को काटा. जिसके बाद उसने बच्ची के दादा और दादी को भी काट लिया. जिसे देखते हुए आस पास के लोगों ने एकत्र होकर बंदर को डराकर भगा दिया. हलांकि बंदर वहां से तो चला गया लेकिन इसके बाद उसने दूसरे घरों में रहने वाले लोगों को हमला करना शुरु कर दिया. एक महिला पर हमला करने के साथ ही उनका कान का झुमका लेकर भाग गया. बंदर की यह हरकत अगले दिन भी जारी रही. आलम यह रहा कि कहीं किसी पेड़ पर छिपे रहने के बाद बंदर अचानक सामने आ जाता और बाइक सवार लोगों को दौड़ा लेता. जिसके चलते



डर के मारे लोग गिरकर घायल होने लगे.

बंदर के आतंक का नतीजा यह हुआ कि रहवासियों ने घर के बाहर अकेले निकलना ही बंद कर दिया. इतना ही नहीं बल्कि आवश्यकता पड़ने पर कुछ लोग मिलकर लाठी-डंडा लेकर बाहर निकलने लगे. बताया गया कि तीन दिनों के अंतराल में बंदर ने दर्जन लोगों को काट लिया था. बंदर के लगातार बढ़ते आतंक को देखते हुए रहवासियों द्वारा वन विभाग से मदद मांगी गई.

### बुधवार को मिली सफलता

स्थानीय रहवासियों द्वारा जब वन विभाग से मदद मांगी गई तो उन्हें पहले वहां से निराशा मिली. दरअसल वन विभाग द्वारा बताया गया कि लाल मुंह के बंदर को पकड़ने की जिम्मेदारी वन विभाग की नहीं बल्कि नगर निगम की है. वहीं दूसरी ओर नगर निगम के जिम्मेदारों ने मामले को वन विभाग के पाले में डालते हुए पल्ला झाड़ लिया. काफी देर तक जारी रही मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने मोर्चा संभाला और क्षेत्र में पहुंचकर एक पिंजरा रख दिया. हलांकि पहले दिन बंदर ने पिंजरे से दूरी बनाएए रखी. लेकिन बुधवार को वह अचानक पिंजरे में आ गया. जिसे देखते हुए वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू करते हुए जंगल में ले जाकर छोड़ दिया. इस घटना की जानकारी सामने आते ही रहवासियों द्वारा राहत की सांस ली गई.



# चिकित्सक के घर में घुसकर मारपीट

## एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अक्टूबर. चिकित्सक के घर में घुसकर शराब के लिए पैसे मांगने और नहीं देने पर बुरी तरह मारपीट करने वाले एक आरोपी को जहां पुलिस गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया वहीं दूसरे फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र नगर गली नंबर 9 निवासी विपिन गर्ग द्वारा शिकायत की गई थी. विपिन द्वारा पुलिस को बताया गया कि वे अपने घर के सामने खड़े थे. इसी दौरान राजेंद्र नगर गली नंबर 8 निवासी युवक करण सिंह वहां पहुंच गया. करण के साथ राजेंद्र नगर गली नंबर 9 निवासी विशाल विश्वास भी वहां पहुंच गया. दोनों युवक विपिन से शराब पीने के लिए पैसे मांगले लगे. पैसा नहीं देने पर उनके साथ बुरी तरह मारपीट की गई. इतना ही नहीं बल्कि विशाल ने शराब की एक खाली बोतल भी उनके घर में फोड़ दी. फरियादी विपिन से प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए आरोपियों की तस्दीक कर ली. जिसके बाद एक आरोपी विशाल विश्वास पिता अशोक उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया. जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया. वहीं घटना में शामिल दूसरे आरोपी करण की सरगर्मी से तलाश की जा रही है. गौरतलब है कि फरियादी विपिन के पिता डॉ. गर्ग सेवानिवृत्त चिकित्सक हैं.

# मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की बेचैनी बढ़ाई

## सतना और मैहर में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अक्टूबर. पिछले दो दिनों से तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही बादलों के मंडराने के बाद बुधवार को सतना और मैहर में कुछ स्थानों पर बारिश देखने को मिली.**

मौसम के बदले इस मिजाज को देखते हुए उन किसानों की बेचैनी बढ़ गई जिनकी धान की फसल खेतों में खड़ी है. किसानों का मानना है कि यदि तेज हवाओं के साथ बारिश हुई तो धान की फसल जमीन पर गिर जाएगी. अक्टूबर का दूसरा पखवाड़ा शुरु होते ही मौसम में गुलाबी ठंड घुलना शुरु हो गई





थी. लेकिन पिछले 3 दिनों से मौसम में कुछ परिवर्तन होने लगा. जिसके चलते बादलों की आवाजाही के साथ ही तापमान में भी इजाफा होने लगा. मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हलांकि यह पिछले दिन की तुलना में आधा डिग्री कम आंका गया. लेकिन वहीं दूसरी ओर रात के न्यूनतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 0.6 डिग्री सेल्सियस का इजाफा देखने को मिला. मौसम की गतिविधि को देखते हुए विभाग द्वारा कुछ स्थानों पर छुट-पुट वर्षा की संभावना भी जताई जा रही थी. इसी कड़ी में बुधवार को जहां मैहर में कुछ देर तक झमाझम बारिश देखने को मिली. वहीं सतना के मझगवां और बिरसिंहपुर क्षेत्र में भी बारिश हुई. तेज हवाओं के साथ शुरु हुई बारिश के चलते एक ओर जहां हवा में घुले धूल के कण जमीन पर बैठ गए. वहीं दूसरी आरे इससे किसानों की बेचैनी बढ़ गई.

मझगवां और बिरसिंहपुर क्षेत्र के किसानों के अनुसार तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के चलते खड़ी धान की फसल खेतों में बैठ गई. जिसके चलते उसके सड़ने का खतरा पैदा हो गया. किसानों के अनुसार यदि मौसमी हलचल आगे भी जारी रही तो धान की फसल पर संकट मंडराने लगेगा. वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग द्वारा संभावना जताई गई कि मौसम के साफ होते ही हवा में ठंडक घुलने का सिलसिला और तेज हो जाएगा.

### किसान कांग्रेस कल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी

**सतना, 22 अक्टूबर.** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने विज्ञप्ति में बताया कि धान खरीदी रजिस्ट्रेशन के लिए मध्यप्रदेश शासन का पोर्टल एक हसे के लिए खोला गया था किन्तु सर्वर डाउन होने की वजह से जिले के अधिकतम किसानों का पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया जिसको लेकर जिले का किसान परेशान है। श्री पाण्डेय ने 24 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे ज्ञापन सौंपेगे.

# घरों पर पत्थर फेंक दहशत फैलाने वाले 5 धराए

▸ रहवासियों की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अक्टूबर. लोगों के घरों पर पत्थर फेंकने और राहगीरों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर दहशत फैलाने वाले 5 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पराज कालोनी के रहवासियों द्वारा थाने पहुंचकर



शिकायत की गई थी. रहवासियों ने पुलिस को बताया कि कुछ युवक एकत्र होकर लोगों के घरों पर पत्थर फेंक दहशत फैला रहे हैं. इतना ही नहीं बल्कि यह युवक कालोनी में से होकर गुजरने वाले आम रहगीरों के साथ झगड़ा और मारपीट भी कर रहे हैं. जिसके चलते कालोनी के लोगों के बीच दहशत का माहौल है. शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित करते हुए आरोपियों की पहचान शुरु की गई.

इसी दौरान अंधेरी पुलिया के निकट कुछ आरोपी संदिग्ध नजर आए. पूछताछ किए जाने पर आरोपी उतावलेपन से पेश आने लगे. जिसे देखते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले जाया गया. जहां पर की गई पूछताछ में आरोपियों की पहचान अर्कित रावत पिता राजकुमार उम्र 21 वर्ष, राजीव चौधरी उर्फ रज्जी पिता रमेश उम्र 22 वर्ष, हिमांशू सेन पिता चतुरेश उम्र 24 वर्ष, अरुण कोल पिता लल्लू उम्र 25 वर्ष सभी निवासी पुष्पराज कालोनी और बाबू सेन पिता राजीव उम्र 22 वर्ष निवासी बगहा के तौर पर हुई. रहवासियों के अनुसार पकड़े गए सभी आरोपी न सिर्फ शातिर किस्म के हैं बल्कि जगतदेव तालाब मेड़ के आस पास मंडराते हुए आए दिन किसी न किसी वारदात को अंजाम देते रहते हैं. जिसके चलते एक ओर जहां लोगों के बीच भय बना रहता हैं वहीं खुले आम कानून-व्यवस्था का भी माखौल उड़ाते रहते हैं.

# प्रशासनिक अधिकारी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

## वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किया था वायरल

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अक्टूबर. नगर परिषद चित्रकूट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित मातहत अमले को मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में शेयर किया गया था।**

जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के ग्राम टेढ़ी पतवनिया निवासी शारदा पटेल (38), पिता श्याम बहादुर को प्रशासनिक अधिकारियों को धमकी देने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



आरोपी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए नगर परिषद चित्रकूट के सीएमओ अंकित सोनी को जूता मारने और जान से मारने की धमकी दी थी। वीडियो सामने आने के बाद नगर परिषद के कर्मचारी आक्रोशित हो गए और बुधवार को काम बंद कर एसडीएम मझगवां IAS महिपाल सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, मध्य प्रदेश सीएमओ संघ ने भी आरोपी के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शारदा पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर आईएएस ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस तरह की हरकत की जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# श्री सत्यनारायण मंदिर में मनाया गया अन्नकूट महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अक्टूबर. श्री सत्यनारायण मंदिर चौक बाजार में अन्नकूट महोत्सव 22 अक्टूबर बुधवार को पूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक परंपरागत तरीके से मनाया गया।**

महोत्सव की शुरुआत भगवान श्री सत्यनारायण की आरती पूजन से हुई जिसमें मंदिर के महंत पंडित सुशील पांडेय द्वारा भगवान की महाआरती की गई जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थित रही तत्पश्चात 56 भोग का प्रसाद प्रभु को अर्पित कर श्रद्धालुओं के मध्य वितरित किया गया, जिसका सिलसिला शाम 5.00 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर मंदिर को फूलों एवं रंगीन लाइटों से सजाया गया एवं भगवान का श्रृंगार किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू, डॉक्टर हरिप्रसाद अग्रवाल, श्रद्धालु पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वाले, रमेश लाल छाबड़िया, कल्याण मल छाबड़िया, कर सलाहकार राकेश अग्रवाल, धर्मेंद्र अग्रवाल, द्वारिका गुप्ता, राम लखन गुप्ता, एडवोकेट संजय जैन, संदीप जैन अकोना, कालूराम छाबड़िया, मनीष गोयल, अरविंद अग्रवाल, प्रहलाद चौरसिया, डॉ अशोक अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अमित गोयल कुक्कू, राजेश अग्रवाल शुभम, प्रियम अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, दिलीप जैन कामदार, शरद पांडेय, डॉक्टर क्षितिज गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राकेश गुप्ता, शशिकांत शर्मा, डॉक्टर सलिल गुप्ता, कु. आस्था अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती कामिनी अग्रवाल श्रीमती मंजू अग्रवाल, श्रीमती तनुल अग्रवाल, कु. कृतिका जैन, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### एक नजर में



#### गुजराती समाज का बेस्तु वरस स्नेह मिलन

**सतना.** श्री सतना गुजराती समाज का बेस्तु वरस स्नेह मिलन समारोह दीपावली के दूसरे दिन होटल रिवर व्यू मैहर रोड में सम्पन्न हुआ।गुजराती दीपावली के दूसरे दिन को नए साल के रूप में मनाते हैं। समाज के उपाध्यक्ष पद्मकान्त पारेख ने बताया कि आज समाज के बच्चे उच्च शिक्षा लेने सतना से बाहर जाते हैं उसके बाद कुछ वहीं बस जाते हैं। समाज के कोषाध्यक्ष जयकुमार ठक्कर ने बताया कि हर्ष का विषय है कि कुछ बच्चे बाहर से प?कर सतना में आकर नए तरीके से व्यापार कार्य भी कर रहे हैं साथ ही समाज के विभिन्न कार्यक्रमो में सक्रिय भाग लेते हैं। समाज के अध्यक्ष कमलेश पटेल ने सांस्कृतिक प्रभारी तरुण ठक्कर का अभिनंदन करते हुए बताया कि तरुण ठक्कर समाज में हर गतिविधि को विशिष्ट तरीके से पेश करने की कला जानते हैं।हर गतिविधि में नयापन लाने का प्रयास करते हैं।



#### डालीबाबा आश्रम में वार्षिक अन्नकूट भंडारा

**सतना।** श्री राम जानकी प्राचीन मंदिर डाली बाबा आश्रम में आज परंपरानुसार वार्षिक अन्नकूट भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के अंतर्गत आश्रम परिसर में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आयोजन की अगुवाई आश्रम के संतश्री पियूष दास जी महाराज द्वारा की गई। उन्होंने भंडारे की शुरुआत भगवान श्री राम जानकी एवं गोवर्धन हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ की। तत्पश्चात भजन-कीर्तन व सत्संग के बीच भक्तों ने भावपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

#### श्रीमती मोलिया मिश्रा का 107 वर्ष में निधन

**सतना ।** जिले के गोलहटा ग्राम निवासी एवं क्षेत्र की वरिष्ठ समाजसेवी स्व. उदयनाथ मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती मोलिया मिश्रा का सोमवार सायं लगभग 6 बजे उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी। स्वर्गीय श्रीमती मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश काग्रेस के विशेष आमंत्रित आमंत्रित सदस्य एवं वर्तमान प्रभारी विधानसभा सिरमौर रीवा के राजेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा, उप महाप्रबंधक प्रिज्म सीमेंट, पूर्व सरपंच विष्णु मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा एवं रावेन्द्र मिश्रा की पूजनीय बड़ी माता थीं।





# गौशाला सदावर्त कमेटी में श्रद्धा व उत्साह से की गई गोवर्धन पूजा

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अक्टूबर. श्री गौशाला सदावर्त कमेटी, सतना द्वारा गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन गौशाला प्रांगण में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम सतना के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता गौशाला सदावर्त कमेटी के अध्यक्ष कमलेश पटेल ने की।**

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात गौमाता का तिलक कर उन्हें गुड़ खिलाया गया तथा विधिवत आरती उतारी गई। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और श्रद्धा से मनाया गया। संस्था की ओर से मुख्य अतिथि सहित उपस्थित गणमान्यजनों का श्रीफल एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं, गौशाला के समर्पित कर्मचारियों को उनके सेवाभाव एवं निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोजन प्रसाद कराया गया। कार्यक्रम में महामंत्री दीपेंद्र द्विवेदी 'दीपू', लखन लाल केशरवानी, अशोक कुमार गुप्ता, सुबोध गोयल, अशोक केसरवानी, त्रिलोकी नाथ केशरवानी, सीताराम अग्रवाल (रामू भैया), दीपक अग्रवाल, मनोज कटारे, मनोहर वाधवानी, रामावतार त्रिपाठी, राजकुमार अग्रवाल (टिंकू), राजीव गुप्ता (बबलू भैया), अशोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन केजरीवाल, सुकृतदास गुप्ता, बिहारी अग्रवाल, अजय बंसल, अनिल असरानी, अशोक गैलनी, दिनेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी वर्ग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन राजकुमार अग्रवाल (टिंकू भैया) द्वारा किया गया।

# श्री चित्रगुप्त का सामूहिक अभिषेक व पूजन आज

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अक्टूबर. कायस्थ समाज सतना के तत्वावधान में 23 अक्टूबर को यम द्वितीया के अवसर पर कायस्थ कुलगुरू श्री चित्रगुप्त भगवान का अभिषेक एवं सामूहिक कलम दवात पूजन, हवन, आरती कार्यक्रम जगतदेव तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है।**

उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष दीपक निगम ने बताया कि महाआरती के पश्चात् महाभोग प्रसाद वितरित किया जाएगा। आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के सुचारूरूप से संचालन के लिए आयोजन समिति गठित कर सम्बन्धित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। जिसमें आयोजित समिति के संयोजक के रूप में इंजीनियर सुभाष श्रीवास्तव को शामिल किया गया हैं वहीं सह संयोजक के रूप में सतीश निगम, सचिन श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव ,सुधीर निगम, राज श्रीवास्तव को शामिल कर दायित्व सौंपा गया।

# आत्मनिर्भर भारत तब बनेगा जब हर घर में होंगे स्वदेशी उत्पाद

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अक्टूबर. बुधवार को 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को नागौद विधानसभा क्षेत्र के नागौद मंडल में आयोजित विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में सतना लोकसभा सांसद गणेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।**

एक निजी होटल में हुए इस सम्मेलन में सांसद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देश में निर्मित उत्पादों को दैनिक जीवन में अपनाने



पर जोर दिया। उन्होंने अपील की कि जब हम अपने देश के उत्पादों का उपयोग करेंगे, तो इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि समग्र राष्ट्र में समृद्धि का प्रसार होगा। सांसद गणेश सिंह ने अपने सम्बोधन में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर भारतीय अपने दैनिक जीवन में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देगा। विदेशी सामानों पर निर्भरता कम करके हम न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगे, बल्कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता को भी मजबूत करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं और स्वदेशी अपनाने के लिए व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत करें। सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में नई गति आई है और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिल रहा है।